Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to improve communications infrastructure in Dhaurahra Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्रीमती रेखा वर्मा (धौरहरा): धन्यवाद अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया । मेरा संसदीय क्षेत्र एक बाढ़ग्रस्त क्षेत्र है। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधान सभाएं जैसे सांसद आदर्श ग्राम- ढखौरा, विकास खंड-जसगवां, ग्राम-मूडी विकास खंड-ईसानगर, टाउन एरिया-बरवट के आसपास के गांव नकटी, मकसूदपूर, दुल्हापुर, किसान, भौनापुर, गदनापुर आदि दर्जनों गांवों में भारत संचार निगम लिमिटेड सेवाएं वर्तमान में उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। इस कारण मेरे संसदीय क्षेत्र के निवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी अनुरोध करना चाहती हूं कि हमारे संसदीय क्षेत्र की जनता की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए संचार संबंधी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कदम उठाएं, ताकि जनता संचार माध्यमों से अपने कार्यों को सुचारु रूप से कर सके ।

माननीय अध्यक्ष:

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्रीमती रेखा वर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।